भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †1721

सोमवार, 10 मार्च, 2025/19 फाल्गुन, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**विदेशी पर्यटकों का आगमन**

**†1721. डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोविड वैश्विक महामारी के पश्चात भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;

(ख) सरकार द्वारा और अधिक विदेशी पर्यटकों को भारत आने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु की गई पहलों का ब्यौरा क्या है;

(ग) हिमालयी क्षेत्र में ट्रेकिंग के उद्देश्य से भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या कितनी है; और

(घ) विदेशी पर्यटकों द्वारा भारत के भीतर यात्रा करते समय सर्वाधिक उपयोग किए जाने वाले परिवहन संबंधी साधनों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क): वर्ष 2022 और 2023 के दौरान भारत में आने वाले विदेशी पर्यटकों का राज्य-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख): पर्यटन मंत्रालय ने भारत की यात्रा करने के लिए और अधिक विदेशी पर्यटकों को प्रोत्साहित करने हेतु पिछले वर्षों से निम्नानुसार अनेक कदम उठाए हैं/पहल की हैं:

- पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'राष्ट्रीय तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों की सहायता' की योजनाओं के तहत देश में विभिन्न पर्यटन गंतव्यों पर पर्यटन संबंधी अवसंरचना और सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
- पर्यटन मंत्रालय अपने विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों के माध्यम से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में भारत के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन

करता है। जिनमें कुछ पहल-देखो अपना देश अभियान, चलो इंडिया अभियान, अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट, भारत पर्व हैं।

- अतुल्य भारत सामग्री हब लॉन्च किया गया जो एक व्यापक डिजिटल भंडार है, जिसमें भारत में पर्यटन से संबंधित उच्च गुणवत्ता वाली छवियों, फिल्मों, ब्रोशर और समाचार पत्रों का एक समृद्ध संग्रह है। मंत्रालय की वेबसाइट-www.incredibleindia.org और सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से भी प्रचार किया जाता है।
- विषय आधारित पर्यटन जैसे निरोगता पर्यटन, पाक पर्यटन, ग्रामीण पर्यटन, इको-पर्यटन आदि को अन्य विशिष्ट विषयों के बीच बढ़ावा दिया जाता है ताकि पर्यटन के दायरे को अन्य क्षेत्रों में भी बढ़ाया जा सके।
- क्षमता निर्माण, कौशल विकास पर केंद्रित पहलों, जैसे 'सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण', 'अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता' (आईआईटीएफ), 'पर्यटन मित्र' और 'पर्यटन दीदी' के माध्यम से समग्र गुणवत्ता और आगंतुक अनुभव को बढ़ाया जाता है।
- पर्यटन मंत्रालय ने महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के लिए हवाई संपर्क में सुधार के लिए, अपनी आरसीएस-उड़ान योजना के तहत नागर विमानन मंत्रालय के साथ सहयोग किया है। अब तक, 53 पर्यटन मार्गों का प्रचालन किया जा चुका है।
- ई-वीजा योजना अब 167 देशों के लिए और 9 उप-श्रेणियों के लिए उपलब्ध है:
    i. ई-पर्यटन वीजा
    ii. ई-बिजनेस वीजा
    iii. ई-मेडिकल वीजा
    iv. ई-सम्मेलन वीजा
    v. ई-मेडिकल अटेंडेंट वीजा
    vi. ई-आयुष वीजा
    vii. ई-आयुष अटेंडेंट वीजा
    viii. ई- स्टूडेंट वीजा
    ix. ई-स्टूडेंट एक्स वीजा

(ग) और (घ): हिमालय रेंज में ट्रेकिंग के लिए भारत में आने वाले पर्यटकों की संख्या और भारत के भीतर यात्रा करते समय विदेशी पर्यटकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले परिवहन के माध्यम की जानकारी पर्यटन मंत्रालय के पास उपलब्ध नहीं हैं।

********

**अनुबंध**

डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा द्वारा विदेशी पर्यटकों का आगमन के संबंध में दिनांक 10.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1721 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

**वर्ष 2022 और 2023 के दौरान भारत में विदेशी पर्यटक यात्राओं (एफटीवी) का विवरण नीचे दिया गया है:**

| **क्र. सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **विदेशी पर्यटक यात्रा (एफटीवी)** | |
|---|---|---|---|
| | | **2022** | **2023** |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 4,461 | 9,025 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1,65,845 | 60,426 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1,055 | 4,496 |
| 4 | असम | 9,001 | 23,818 |
| 5 | बिहार | 86,829 | 5,46,576 |
| 6 | चंडीगढ़ | 28,439 | 31,498 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 238 | 953 |
| 8 | दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव संघ राज्य क्षेत्र | 1,791 | 4,048 |
| 9 | दिल्ली | 8,15,713 | 18,28,116 |
| 10 | गोवा | 1,74,799 | 4,52,692 |
| 11 | गुजरात | 17,77,215 | 28,06,871 |
| 12 | हरियाणा | 2,439 | 1,346 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 29,333 | 62,806 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 19,985 | 55,337 |
| 15 | झारखंड | 1,92,319 | 1,89,261 |
| 16 | कर्नाटक | 1,28,520 | 4,09,333 |
| 17 | केरल | 3,45,549 | 6,49,057 |
| 18 | लक्षद्वीप | 125 | 755 |
| 19 | लद्दाख | 21,259 | 40,970 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 2,04,454 | 1,82,685 |
| 21 | महाराष्ट्र | 15,11,623 | 33,87,739 |
| 22 | मणिपुर | 3,908 | 3,668 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 23 | मेघालय | 7,774 | 19,973 |
| 24 | मिजोरम | 2,611 | 3,754 |
| 25 | नागालैंड | 2,923 | 4,725 |
| 26 | ओडिशा | 22,121 | 45,173 |
| 27 | पुडुचेरी | 862 | 31,214 |
| 28 | पंजाब | 3,29,458 | 7,41,734 |
| 29 | राजस्थान | 3,96,684 | 16,99,869 |
| 30 | सिक्किम | 68,645 | 93,908 |
| 31 | तमिलनाडु | 4,07,126 | 11,74,899 |
| 32 | तेलंगाना | 68,401 | 1,60,912 |
| 33 | त्रिपुरा | 8,493 | 66,708 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 6,48,986 | 16,01,503 |
| 35 | उत्तराखंड | 61,561 | 1,43,027 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 10,37,017 | 27,06,942 |
| | **कुल** | **85,87,562** | **1,92,45,817** |

********